तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

18 बंसुला के किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

18 आरंभ पब्लिक स्कूल मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

खबर संक्षेप

तीन लोगों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम परगला में एक व्यक्ति द्वारा तीन लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम परगला के अलेखराम ओगरे के साथ 14 अगस्त को गांव के ही मनोज ओगरे ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पिता खेमानिधि ओगरे और मां कुमारी बाई के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पिकअप की टक्कर से अधेड़ की मौत

महासमुंद। ग्राम बोंदा में एक अधेड़ व्यक्ति की पिकअप वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मामले को लेकर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 56/26 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक रमेश बिसी पिता साहनी बिसी (56 साल) ग्राम बोंदा की मर्ग जांच किया। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक रमेश बिसी 14 अगस्त को ग्राम बोंदा में च्वाईस सेंटर से शाम 07 बजे अपने घर पैदल जा रहा था, इसी दौरान सरायपाली की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीवाय 1941 के चालक वाहन द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर रमेश को पीछे से ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसे डायल 112 वाहन से शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया था जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूदध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

ट्रक से साढ़े तीन लाख से ज्यादा का कपड़ा चोरी

महासमुंद। ट्रक से साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा का कपड़ा चोरी होने के मामले में सांकरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मामले को लेकर दिए गए आवेदन में प्रार्थी धनमाली जेना पिता चैतन्य जेना (30 साल) ग्राम जगदलपुर थाना बिनका जिला सोनपुर ओडिशा ने पुलिस को बताया वह ट्रक वाहन क्रमांक ओडी 02 बीसी 0147 में महासमुंद वी2 शोरूम से सामान लेकर 25/07/2026 रात्रि 11:55 को झारसुगड़ा ओडिशा के लिए निकला था। नींद आने पर वह ग्राम लोहराकोट बीपीसीएल पेट्रोल पंप के सामने रोड पर वाहन ट्रक को खड़ा कर सो गया। इसके बाद सुबह 7:30 बजे उठा, इस दौरान काफी बारिश होने के कारण वाहन को बिना चेक किए झारसुगड़ा के लिए निकल गया। जब झारसुगडा के पास सामान खाली हुआ, तब पता चला कि 15 पैकेट वी2 शोरूम का ड्रेस मटेरियल कीमत 357002.62 रुपए उसमें नहीं था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(सी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

स्वतंत्रता सेनानियों की छबि देख गर्व की भावना से ओतप्रोत हुए लोग

आम नागरिकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने देखी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वतंत्रता दिवस पर नगर के लोहिया चौक पर जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। पहली बार नगर और क्षेत्र वासियों ने अपने सेनानी पुरखों की छवियां इस तरह एक साथ, एक मंच पर देखी, उनका परिचय पाया और उन्हें नमन किया।

स्वतंत्रता आंदोलन में अंचल की भागीदारी इतिहास का गर्वित अध्याय है। राष्ट्रीय चेतना के प्रसार के साथ महात्मा गांधी के आह्वान पर समूचा नगर अंचल आजादी के आंदोलन में कूद पड़ा था। कितने ही लोग ब्रिटिश हुकूमत के दमन चक्र का शिकार हुए। पुलिस और जेल की यातनाएं भी झेली, मगर जंग-ए-आजादी की ज्वाला दिलों में धधकती रही। जिले के ऐसे 100 से अधिक स्वतंत्रता सेनानियों के नाम शासकीय अभिलेखों में दर्ज हैं। उन सेनानी पुरखों की स्मृतियों को संजोने और आम जन को परिचित कराने के क्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन जिला महासमुंद के बैनर तले नगर में पहली बार जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई।

अनेक स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र उनके परिवारजन के पास भी उपलब्ध नहीं हैं। स्वतंत्रता सेनानी स्व. बौदा नामदेव जी के पौत्र शेषनारायण नामदेव के विशेष प्रयासों से और उनके संयोजन यह प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें 55 स्वतंत्रता सेनानियों के छाया चित्र पूरे सम्मान और गरिमा के साथ प्रदर्शित किए गए। सुबह से शाम तक सैकड़ों लोगों, स्कूली बच्चों, कॉलेज के विद्यार्थियों, नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ मोती उद्यान में तिरंगे को सलामी के साथ हुआ, जहां स्वतंत्रता सेनानी स्व. नारायण लाल चंद्राकर की धर्मपत्नी खेमिन बाई चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। प्रदर्शनी में सुबह से शाम तक नागरिकों का ताता लगा रहा।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख और जनप्रतिनिधि भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचते रहे। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर, पारस चोपड़ा, रमेश साहू, आप नेता राकेश झाबक आदि विशिष्ट व्यक्तियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी स्व. रामलाल चंद्राकर की धर्मपत्नी अहिल्या बाई चंद्राकर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला संरक्षक अधिवक्ता प्रलय थिटे, जिलाध्यक्ष नारायण नामदेव, उपाध्यक्ष चित्रसेन गिरी, कुबेर प्रकाश गिरी, श्रीधर चंद्राकर सहित सेनानी परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पर्व : सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने देशभक्ति की बिखेरी छटा

प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास ने ध्वजारोहण कर ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में 15 अगस्त 2026 (स्वतंत्रता दिवस) पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। देश की आजादी के 79 वर्ष पूरा होने के साथ ही 80 वें स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में मनाया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल के मंच में आगमन के पश्चात सर्वप्रथम वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि मंत्री दयालदास बघेल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार मंच पर मौजूद थे। इसके पश्चात मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर प्रशिक्षु सूबेदार ईश्वर साहू के नेतृत्व में 20 वीं वाहिनी छग सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना महिला प्लाटून, वन विभाग, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन एनसीसी, एनएसएस महाविद्यालय एवं विद्यालय, स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस की कुल 10 टुकड़ियों ने सलामी दी। मुख्य अतिथि मंत्री बघेल द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया एवं हर्ष के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। तत्पश्चात प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट एवं सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडर एवं प्लाटून कमांडर का परिचय लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बघेल ने जिले में निवासरत 19 शहीद के परिजनों को शॉल एवं फल भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ 170 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में 12 विद्यालयों के 827 विद्यार्थियों ने योग विधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति और परम्परा तथा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंग-बिरंगे पोशाकों में सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में 6 शालाओं के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी के देशभक्ति गीतों की शानदार संगीतमयी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, द्वितीय स्थान महर्षि विद्या मंदिर मचेवा एवं तृतीय स्थान शासकीय डीएमएस महासमुंद ने प्राप्त किया।

उत्कृष्ट मार्च पास्ट करने वाली टुकड़ियां सम्मानित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बघेल ने परेड में उत्कृष्ट मार्च पास्ट करने वाले टुकड़ियों को सम्मानित किया। इनमें वरिष्ठ सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान 20वीं वाहिनी सशस्त्र पुलिस बल, द्वितीय स्थान जिला पुलिस बल, तृतीय स्थान पर नगर सेना महिला प्लाटून रहा। इसी तरह परेड वरिष्ठ समूह में प्रथम स्थान पर सीनियर डिवीजन एनसीसी, द्वितीय एनएसएस महाविद्यालय एवं तृतीय स्थान पर जूनियर डिवीजन एनसीसी रहा। साथ ही परेड कनिष्ठ समूह में प्रथम स्थान पर एनएसएस आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, द्वितीय रेडक्रॉस आशी बाई गोलछा उ.मा. विद्यालय एवं तृतीय स्थान प्राप्त स्काउट कनिष्ठ समूह को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा परेड कमांडर प्रशिक्षु सुबेदार एवं सहायक उप निरीक्षक साइमा अम्बिलकर को भी सम्मानित किया गया।

मंच पर यह रहे विराजमान

इस अवसर पर मुख्य मंच में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, छग बीज नगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड संघ इंद्रजीत सिंह गोल्डी, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, येतराम साहू, बास्केट बाल संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर सहित पार्षदगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत अनुपमा आनंद, वनमंडलाधिकारी निवास टीएन, रवि कुमार साहू तथा गणमान्य नागरिक सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अवैध उत्खनन ने फिर ली एक की जान
बांध में डूबने से युवक की अकाल मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में निर्माण कार्यों के लिए गांव गांव में होने वाली मुरुम की चोरी ने एक बार फिर एक जान ले ली। शहर के नजदीकी गांव मुड़मार बांध में स्वतंत्रता दिवस के दिन घूमने गए युव की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। दरअसल, युवक बांध में नहाने उतरा और कुछ दूरी तक वह कमर तक पानी में था। लेकिन, कुछ कदम आगे बढ़ते ही उसे पैरों के नीचे से जमीन खसक गई और वह अवैध तरीके से हुए मुरुम के बांध क्षेत्र में अवैध उत्खनन की चपेट में आ गया। युवक को तैरना नहीं आता था और वह तकरीबन 20 फीट गहराई में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान शहर के वार्ड नंबर 26, क्लब पारा निवासी प्रणय गुर्वेकर (लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार प्रणय गुर्वेकर 15 अगस्त को दोपहर करीब पांच दोस्तों के साथ मुडमार बांध घूमने गया था। सभी दोस्त बांध के आसपास मौजूद थे। इसी दौरान प्रणय नहाने के लिए पानी में उतरा। बताया जा रहा है कि वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। युवक को उसके दोस्तों ने युवक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से बांध में युवक की तलाश शुरू कराई गई। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने प्रणय का शव पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि प्रणय मिक्चर का व्यवसाय करता था।

शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई, चार गिरफ्तार

महासमुंद। पुलिस ने 4 अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर चार आरोपियों के कब्जे से 21.780 लीटर शराब बरामद किया है। 14 अगस्त को पुलिस ने ग्राम घोड़ारी बिरकोनी रोड किनारे बाइक चालक भोलाराम दुबे पिता रमाकांत दुबे (36 साल) निवासी कांपा के कब्जे से देशी मसाला एवं अंग्रेजी शराब कुल 5.760 लीटर (कीमत 3440 रुपए) एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक कीमत 20,000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।14 अगस्त को ही महानदी ढाबा के पास मेन रोड बिरकोनी के पास स्कूटी चालक रविशंकर पिता भुलउ बघेल (38 साल) निवासी तेंदूवाही, थाना तुमगांव के कब्जे से देसी मसाला शराब जुमला 5.400 लीटर (कीमती 3000 रुपए) एवं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी कीमत 15000 रुपए को बरामद किया गया। वहीं 14 अगस्त को हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने तुमाडबरी महासमुंद के पास बाइक चालक संजय पिता संतोष साहू (26 साल), निवासी अखरापारा बेलसोंडा के कब्जे से कुल 5.220 लीटर (कीमत 2900 रुपए) एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक पल्सर कीमत 50,000 रुपए को बरामद किया गया। बरबसपुर चौक ग्राम बिरकोनी के पास बाइक चालक तारेन निषाद पिता लखन निषाद (41 साल) निवासी वार्ड नं. 05 नहरपारा बड़गांव के के कब्जे से देशी मसाला शराब कुल 5.400 लीटर (कीमत 3000 रुपए) जब्त किया है।

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

महासमुंद। देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान जिले के समस्त विभागों के आलाधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में कलेक्टर लंगेह ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आजादी का यह दिवस हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों की याद दिलाने का दिन है। आजादी हमें अनेक बलिदानों और संघर्षों के बाद मिली है, और इसे बनाए रखना तथा देश को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब हम ईमानदारी, निष्ठा और एकजुटता के साथ कार्य करें। कलेक्टर लंगेह ने अपने शासकीय आवास पर भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं डाईट के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बलौदाबाजार जिले के ग्राम धमनपुरा की घटना, दो गंभीर

भालुओं के हमले से तीन ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समीपस्थ बलौदाबाजार जिले के देवपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम धमनपुरा में जंगल में फुटू (मशरूम) एकत्र करने गए ग्रामीणों पर भालुओं ने हमला कर दिया। घटना में तीन ग्रामीण घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद महासमुंद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमनपुरा निवासी ग्रामीण जंगल में फुटू एकत्र करने गए थे। इसी दौरान कक्ष क्रमांक 242 में उनका सामना भालुओं से हो गया। भालुओं के हमले में हेमसागर बरिहा (65 वर्ष) और रूपेश (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं मायाराम

(45 वर्ष) को भी चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने के बाद 112 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद मायाराम को छुट्टी दे दी गई, जबकि हेमसागर बरिहा और रूपेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल महासमुंद रेफर किया गया।

घटना के बाद वन विभाग की टीम ने घायलों की मदद करते हुए प्रत्येक घायल को दो-दो हजार रुपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की। देवपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर संतोष पैकरा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कक्ष क्रमांक 242 में भालू के हमले की जानकारी मिली है। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है तथा नियमानुसार राहत एवं सहायता की प्रक्रिया की जा रही है।

जंगल में भालुओं की मौजूदगी के बीच ग्रामीणों के फुटू और अन्य वन उपज एकत्र करने जाने से मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को जंगल में सावधानी बरतने और अकेले जंगल नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

स्कूटी से गांजा का परिवहन, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्कूटी से मादक पदार्थ गांजा (केनाबिस) की अवैध तस्करी के मामले में कोमाखान पुलिस ने आरोपियों पर कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, वहीं दूसरा मौके से फरार हो गया। आरोपियों के कब्जे से 23.270 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (कीमत 11,63,000 रुपए) को बरामद किया गया।

कोमाखान पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। थाना कोमाखान पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक टीवीएस जुपीटर (क्रमांक सी.जी. 04 क्यूएम 8796) में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलने

के कुछ देर बाद ही स्कूटी आती हुई दिखाई दी, जिसे रोकने के लिए इशाला किया गया, लेकिन स्कूटी चालक तेज गति से भागने लगा, जिस पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम पटपरपाली ग्राम पंचायत के पास में पकड़ा गया। इसी दौरान स्कूटी में सवार दूसरा व्यक्ति भाग निकला। स्कूटी चालक ने पूछताछ में अपना नाम अमित साहू पिता ब्रजमोहन उम्र 19 साल निवासी वार्ड 05 राजा खरियार थाना राजा खरियार जिला नुआपाड़ा ओडिशा एवं फरार आरोपी का नाम शंकर यादव निवासी सबरपड़ा राजाखरियार ओडिशा होना बताया। पूछताछ में आरोपी द्वारा स्कूटी से बोरी में भरकर बौद्ध (ओडिशा) से रायपुर (छत्तीसगढ़) ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 23.270 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 11,63,000 रुपए को बरामद किया। वहीं आरोपीयों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ग्राम पंचायत केवटापाली
जिला- महासमुंद (छ.ग.)
भारत हमको जान से प्यारा है सबसे न्यारा गुलिस्ता हमारा है।
श्रीमती पूना बाई साव
सरपंच
श्रीमती दुलेश्वरी साहू
सचिव
विनीत- समस्त उपसरपंच, पंचगण ग्राम पंचायत केवटापाली

समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ग्राम पंचायत छांदनपुर
जिला- महासमुंद (छ.ग.)
भारत हमको जान से प्यारा है सबसे न्यारा गुलिस्ता हमारा है।
श्रीमती बनिता श्वेत कुमार भोई
सरपंच
श्री महेश ओगरे
सचिव
विनीत- समस्त उपसरपंच, पंचगण ग्राम पंचायत छांदनपुर

समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ग्राम पंचायत नरसिंगपुर
जिला- महासमुंद (छ.ग.)
ये तिरंगा ये तिरंगा ए हमारी शान है, विश्व भर में भारती की ये अमिट पहचान है।
श्रीमती नवलीन मांझी
सरपंच
श्रीमती रजनी बाग
उपसरपंच
विनीत- समस्त उपसरपंच, पंचगण ग्राम पंचायत नरसिंगपुर

समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ग्राम पंचायत जगदीशपुर
जिला- महासमुंद (छ.ग.)
ये तिरंगा ये तिरंगा ए हमारी शान है, विश्व भर में भारती की ये अमिट पहचान है।
श्रीमती रिद्धि मानसा नायक
सरपंच
श्री हेतराम विशाल
सचिव
श्री अनिश कुमार
उपसरपंच
विनीत- समस्त उपसरपंच, पंचगण ग्राम पंचायत जगदीशपुर

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
SHRIKANT SHARMA
Available Products
LUMINOUS Enjoy Technology
EXIDE
UTL सोलर
WAAREE One with the Sun
Loom Solar
Panasonic Solar
POLYCAB Connection Zindagi Ka
SHAKTI
GREEN SENSE
adani
TATA POWER
अब से बिजली बिल को जीरो करना हो गया है संभव
पीएम सूर्य घर योजना
के तहत अपनी छत पर सोलर सिस्टम लगवाएं और मुफ्त में बिजली पायें।

अब दोनों हाथ में लड्डू
केन्द्र सरकार द्वारा 78,000 रु. तक सब्सिडी
राज्य सरकार द्वारा 30,000 रु. तक सब्सिडी
आज ही सोलर पैनल लगवायें और 1,08,000 रु. तक सब्सिडी पायें

रजिस्ट्रेशन के लिए अवश्यक दस्तावेज
- बिजली बिल
- पैन कार्ड
- बैंक पासबुक
- ईमेल-आई.डी.
- आधार कार्ड
- मोबाईल नंबर

सौर उर्जा परियोजना के लाभ
- नेट-मीटरिंग योजना
- मोबाईल ऐप से ऑनलाइन रिमोट मॉनिटरिंग
- सोलर पैनल पर 27 वर्षों की वारंटी
- इनवर्टर पर 11 वर्षों की वारंटी
- एक बार का निवेश और जीवन भर की बचत
- पर्यावरणीय अनुपूरक और हरित ऊर्जा

घरेलू उपभोक्ताओं के लिए

सौर संयंत्र की क्षमता (किलोवाट)	अनुदान राशि (सबसिडी)
1 kWp:	रू. 45,000
2 kWp:	रू. 90,000
3-10 kWp:	रू. 1,08,000

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर रूफ टॉप लगवाने के लिए संपर्क करें।

इस सिस्टम को बहुत ही कम ब्याज दर पर आसान किस्तों पे फाइनेंस भी करा सकते है, जिससे आपकी किस्त मासिक बिजली बिल जितनी ही हो जायेगी!
Authorised Sales Partner WAAREE One with the sun
मेसर्स श्रीकांत शर्मा, दुधीपाली
"A" Class Electrical Contractor CSPDCL
कार्यालय पता: तहसील ऑफिस के सामने - बसना, जिला- महासमुंद (छ.ग.)
प्रतिनिधि: योगेश्वर साहू - 8839524087, शिवांशु यादव - 9131634450
मो. नंबर: 99779-91255, 99774-84883, ईमेल: shrikantsharma0093@gmail.com

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- जर्नलिस्ट आर. के. दास (अधिकृत पत्रकार, बसना, महासमुंद) आदर्श नगर बसना, मो.- 7400503002, 8319871590

ग्राम पंचायत-छुईहा
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 AUGUST
श्री प्रीतम यादव जी
सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत छुईहा
जिलाध्यक्ष, यादव समाज महासमुंद
श्रीमती एसकुमारी यादव जी
सरपंच, ग्राम पंचायत छुईहा
सचिव
धनसाय ठाकुर
उपसरपंच
पुरन पटेल

मान. रवि साहू फरोदिया
सदस्य, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5
मान. धनंजय साहू
सदस्य, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5
मान. द्वारिकाधीश यादव
विधायक, खल्लारी एवं जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी-महासमुंद
हृदय साहू
ग्रामीण अध्यक्ष दुरीझर
प्रेमलाल साहू
सचिव-डोकरपाली
समस्त क्षेत्रवासियों
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
14 अगस्त मा. रवि साहू फरोदिया जी,
15 अगस्त खल्लारी विधायक
मा. द्वारिकाधीश यादव जी एवं मा. हृदय साहू जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई
मान. जितेंद्र साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत-डोकरपाली
बिहारीलाल दीवान
उपसरपंच
कन्हैया यादव
रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत
मोंगरापाली (स)
मान. चुन्नीलाल साहू जी
पूर्व सांसद, लोकसभा महासमुंद
श्रीमती ईश्वरी प्रेम ध्रुव जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स)
श्री डुमन साहू
सचिव, ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स)
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री विनय साहू जी
सरपंच प्रतिनिधि, मोंगरापाली (स)
श्रीमती भूमिका विनय साहू जी
सरपंच, ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स)
पंचगण
खिलेश्वरी साहू
भुवनेश्वर साहू
कुशुमलता साहू
टीकेश्वरी टंडन
गोविंद निषाद
विक्रम साहू
भेखराम साहू
अमित्रा ठाकुर
बनसबाई विश्वकर्मा
सरिता तिवारी
संतोषी साहू
रामप्रसाद ध्रुव
भुनेश्वरी ठाकुर
लाला यादव
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-मोंगरापाली (स)

- संकलनकर्ता -
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें हरिभूमि-तेंदूकोना
रूपधर पटेल
9926162725
विनय साहू
7581918191

ग्राम पंचायत लमकेनी
14 अगस्त
मा. रवि साहू फरोदिया जी
15 अगस्त खल्लारी विधायक
मा. द्वारिकाधीश यादव जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई....
मान. रवि साहू फरोदिया
सदस्य, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5
मान. द्वारिकाधीश यादव
विधायक, खल्लारी एवं जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी-महासमुंद
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती लछवंतीन ध्रुव
सरपंच, ग्राम पंचायत लमकेनी
श्री सालिकराम ठाकुर
उपसरपंच, ग्राम पंचायत लमकेनी
श्री भूपेंद्र साहू
सचिव, ग्राम पंचायत लमकेनी
श्रीमति कांति पटेल
मनहरण बरिहा
दुर्गा बरिहा
मिलसिंग दीवान
खिलन पटेल
सीमा बरिहा
राधिका यादव
नंदलाल पटेल
चम्मन पहाड़िया
पूजा दीवान
देवकी दीवान
बसंती ध्रुव
ममता दीवान
रामेश्वरी दीवान
गरभू यादव
जागेश्वर खड़िया
ओमप्रकाश ठाकुर

ग्राम पंचायत-बढ़ईपाली
आश्रित ग्राम बांसकांटा
स्वतंत्रता दिवस 15 AUGUST
की क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री चंद्रसेन कोसरिया जी
सरपंच, ग्राम पंचायत बढ़ईपाली, बांसकांटा
श्री रोहित टंडन जी
सचिव, ग्राम पंचायत बढ़ईपाली, बांसकांटा
श्री शिवपाल साहू जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत बढ़ईपाली, बांसकांटा
देवसिंह बरिहा
देवेंद्र साहू
उषा ठाकुर
सुशीला ठाकुर
बिमला ठाकुर
राधिका साहू
लालजी कोसरिया
निर्मला बरिहा
नर्मदा कोसरिया
फुलसिंग बरिहा
पुष्पा बरिहा
उमा बरिहा
मधुलता साहू
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-बढ़ईपाली, आश्रित ग्राम बांसकांटा

ग्राम पंचायत शिकारीपाली
आश्रित ग्राम भिखापाली
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. अमन अग्रवाल जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत-शिकारीपाली, भिखापाली
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत शिकारीपाली, भिखापाली

- संकलनकर्ता -
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें हरिभूमि-तेंदूकोना
रूपधर पटेल
9926162725
विनय साहू
7581918191

साहू समाज परिक्षेत्र-तेंदूकोना
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मान.चुन्नीलाल साहू
सरंक्षक, साहू समाज परिक्षेत्र-तेंदूकोना
पूर्व सांसद, लोकसभा महासमुंद
मान. डॉ. सदाराम साहू
सरंक्षक, साहू समाज परिक्षेत्र-तेंदूकोना
मान. धनंजय साहू
सदस्य, जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5
मान. संजय साहू
पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत-तेंदूकोना
सचिव, साहू समाज परिक्षेत्र तेंदूकोना
मान. रवि साहू फरोदिया
सदस्य, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5
मान.राम नारायण (रामू) साहू
अध्यक्ष, साहू समाज परिक्षेत्र-तेंदूकोना
श्री टेनूराम साहू
श्री बलेश साहू
श्री चिंताराम साहू
श्री कैलाश साहू
श्री जितेंद्र साहू
श्री रोहित साहू
श्री हृदय साहू
श्री हेमंत साहू
श्री देवशरण साहू
श्रीमती निर्मला साहू
श्रीमती दशरी साहू
श्री इंदल साहू
श्री अशोक साहू
श्री राकेश साहू

श्री सुरेश कुमार वाधमारे
सरपंच, ग्राम पंचायत शिकारीपाली
श्री अमन अग्रवाल
उपसरपंच, ग्राम पंचायत शिकारीपाली
श्री शिवचरण साहू
सचिव, ग्राम पंचायत शिकारीपाली
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती रंभा दीवान
रोजगार सहायक
श्री संतोष कुमार
चपरासी
पंचगण
विनीत : ग्राम पंचायत शिकारीपाली

ग्राम पंचायत तेंदूकोना, साल्हेभांठा
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती देवंतीन दिलीप दीवान जी
सरपंच, ग्राम पंचायत तेंदूकोना, साल्हेभांठा
श्री उज्जवल 'चीकू' अग्रवाल जी
उपसरपंच, ग्राम पंचायत तेंदूकोना, साल्हेभांठा
पंचगण
राज मानिकपुरी
चंद्रकला दीवन
विमला अग्रवाल
धनेश्वरी दीवान
राजेश्वरी भारती
हेमलता बैरागी
मीना निर्मलकर
अमित अग्रवाल
पूष्पा यादव
दाऊराम बरिहा
रजनी बाई
प्यार मोहम्मद खान (बल्लू)
डीगेश्वर दीवान
दिलीप दीवान
सरपंच प्रतिनिधि
विद्याचरण पटेल
सचिव
विनीत : समसत ग्रामवासी-तेंदूकोना, साल्हेभांठा

- संकलनकर्ता -
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें हरिभूमि-तेंदूकोना
रूपधर पटेल
9926162725
विनय साहू
7581918191

खल्लारी विधानसभा के यशस्वी विधायक माननीय...
श्री द्वारिकाधीश यादव जी
को 15 अगस्त जन्मदिवस की अनंत
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई...
स्वतंत्रता दिवस
की क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. तुलाराम साहू जी
मण्डल अध्यक्ष
बागबाहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
मा. अशोक कुमार अग्रवाल
मा. सतीश अग्रवाल जी
विधायक प्रतिनिधि
मा. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा
जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी-महासमुंद
श्री मानसिंह दीवान
श्री बालेश साहू
श्री चोवा राम साहू
श्री खेमराज साहू
श्री मुकेश साहू
श्री डिगेश्वर दीवान
श्री अंकुश शर्मा
श्री देवेंद्र बैरागी
श्री बजरंग निर्मलकर
श्री विमल निर्मलकर
श्री खगेश विश्वकर्मा

पंजीयन क्रमांक-1127
प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति-तेंदूकोना
स्वतंत्रता दिवस
15 AUGUST
की क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री मनीराम साहू
प्रबंधक, तेंदूकोना
श्री चिंताराम साहू
अध्यक्ष, तेंदूकोना
-कर्मचारीगण-
फलदास कोसरिया
हीरामन साहू
लालसाय भारती
लीलाम्बर राजपूत
नरेंद्र यादव
श्रवण कुमार ठाकुर
शाखा प्रबंधक जिला सहकारी
बैंक मर्यादित तेंदूकोना
विनीत: समस्त किसान बंधु सहकारी समिति-तेंदूकोना

- संकलनकर्ता -
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें हरिभूमि-तेंदूकोना
रूपधर पटेल
9926162725
विनय साहू
7581918191

ग्राम पंचायत-घोघरा
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती मीनाक्षी साहू
उपसरंपच, घोघरा
श्री सदानंद कंदोई
सचिव, घोघरा
श्रीमती सुनीता साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत घोघरा
15 AUGUST
श्री रूपचंद साहू
सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत घोघरा
पंचगण
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-घोघरा

ग्राम पंचायत कलमीदादर
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्री जामवंत साहू
उपसरपंच, ग्राम पंचायत कलमीदादर
श्री कैलाश साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत कलमीदादर
टेनूराम साहू
गोविंद प्रसाद दीवान
शोभांजली साहू
हेमिन दीवान
नानकी दीवान
सीमा साहू
मोतिम साहू
भागीरथी दीवान
जयदेव चक्रधारी
प्रेमकुमारी दीवान
विनीत-ग्राम पंचायत कलमीदादर, बांदूमुड़ा

पंजीयन क्रमांक-854
प्राथमिक कृषि साख
सहकारी समिति-सम्हर
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
15 AUGUST
पीलेश्वर पटेल
प्राधिकृत, सम्हर
कोमल कुमार दीवान
समिति प्रबंधक, सम्हर
जितेंद्र साहू
ऑपरेटर
हेमंत कुमार टंडन
भोलराम राजपूत
चितराम ध्रुव
श्यामलाल मोंगरा
लिपीक सहायक-गनपत साहू, विक्रेता-किशोर कुमार ध्रुव, मुंजेश्वर साहू

- संकलनकर्ता -
अनिल सोनी
9977020234 (संवाददाता)
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें हरिभूमि-तेंदूकोना
रूपधर पटेल
9926162725
विनय साहू
7581918191

खबर संक्षेप

प्रयास विद्यालय के लिए पूर्वेश का चयन

महासमुंद। शहर के अयोध्या नगर निवासी पीतांबर पाठक के सुपुत्र मेधावी छात्र पूर्वेश पाठक का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के लिए हुआ। छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत संचालित यह निःशुल्क आवासीय विद्यालय हैं। यहाँ मेधावी बच्चों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक की स्कूली शिक्षा के साथ-साथ जेईई, नीट जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दी जाती है। इस उपलब्धि पर परिवारिक सदस्यों व मित्रों ने हर्ष जताया है।

फार्मेसी का परीक्षा परिणाम रहा अच्छा

महासमुंद। श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में गरिमा बघेल ने 85.27 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष उपलब्धि के रूप में गरिमा बघेल ने विश्वविद्यालय स्तर पर 7वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं डिगेश्वरी ने 84.72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, मुस्कान चौधरी ने 79.63 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा टकेश्वर ने 78.54 प्रतिशत तथा महेश यादव ने 75.72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की सचिव तारा चंद्राकर, संचालक हेमंत चंद्राकर एवं प्राचार्य राजेश कुमार सिन्हा ने हर्ष जताया है।

शिक्षिका ने 36 नई साड़ियां की भेंट

महासमुंद। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका चंचला गुप्ता ने शाला के सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग स्काउट गाइड विभाग को कुल 36 नग साड़ियां भेंट की हैं। उनके सहयोग के लिए संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वामी, गैंदराम साहू, लता वैष्णव सहित समस्त शाला परिवार ने आभार व्यक्त किया है।

नियमित विद्यार्थियों को फीस एवं ड्रेस का वितरण

सरायपाली। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में कुछ निर्धन एवं कमजोर वर्ग विद्यार्थियों द्वारा नियमित रूप से ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्रवेश लेना चाहते थे, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण प्रवेश से वंचित हो रहे थे। इस बात की जानकारी होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने समाज सेवी मदन लाल अग्रवाल को फोन के माध्यम से संपर्क किए। अग्रवाल ने बिना देर किए उस कमजोर छात्रा की फीस 7900 रुपए और दो जोड़ी कॉलेज ड्रेस निःशुल्क प्रदान किए।

राष्ट्रीय पर्व : हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

कांग्रेस भवन में द्वारिकाधीश ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 15 अगस्त को कांग्रेस भवन में 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय माहौल में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के साथ-साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव का जन्मदिवस भी 'दोहरे उत्सव' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः ठीक 08:30 बजे हुई, जहां जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने गरिमामय माहौल में जिला कार्यालय कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण किया। तिरंगा झंडा फहराने के पश्चात उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों और नगरवासियों ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर मां भारती को नमन किया और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेशाध्यक्ष बैज के संदेश का वाचन

ध्वजारोहण के तुरंत पश्चात, जिला अध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेशवासियों के नाम भेजे गए विशेष स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया। संदेश को विस्तार से पढ़कर सुनाते हुए यादव ने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी और हमारे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अप्रतिम योगदान रहा है। आज का दिन हमें लोकतांत्रिक मूल्यों, अनेकता में एकता और आपसी भाईचारे की रक्षा करने का संकल्प दिलाता है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष के संदेश के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे देश की अखंडता को बनाए रखने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और विकास पहुंचाने के लिए निरंतर समर्पित रहें। उपस्थित जनसमूह ने इस संदेश का करतल ध्वनि से स्वागत किया।

द्वारिकाधीश का मनाया जन्मदिवस

कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव का जन्मदिवस बेहद आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कांग्रेस परिवार, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में पहुंचे नगरवासियों ने यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर और केक काटकर उन्हें जन्मदिन की आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी ने उनके दीर्घायु होने, उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, जिला महामंत्री हरदेव ढिल्लो, जिला कोषाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, नरेंद्र दुबे, सती साहू, सेवादल अध्यक्ष नितेंद्र बैनर्जी, लक्ष्मी देवांगन, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अमन चंद्राकर, सोमेश दवे, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनम बंसोड, तुलसी साहू, जसबीर ढिल्लो, राजेश जैन, जेहरा नकवी, तबरेज खान, राहुल लालवानी सहित जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अग्रिम संगठनों के कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बंसुला के किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों ने गीत, कविता, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाया। विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को लेकर विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा सभापति महिला एवं बाल विकास बसना, विशिष्ट महेंद्र साव अध्यक्ष तहसील साहू समाज बसना सहित अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रकाश सिन्हा ने विद्यालय के ग्राउंड में सेट निर्माण कराने की घोषणा की, जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। समारोह में महंत लखन मुनि, प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, पंकज साव, पूर्व तहसील अध्यक्ष साहू समाज बसना, चतुर्भुज साव, कुंजराम साव, परखित साव, उमेश साव, अरूण साव, टिकेलाल साव, कृष्णा साव एवं रूपनंद साव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से आरके दास, प्राचार्य भगवती जगत, उपप्राचार्य नंदिनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगम, सबनम जौहरी, आरती नाग, संगीता बारिक, सविता जायसवाल, यशवंती पोर्ते, एरिन कोसले, परमानंद पटेल एवं गणेश सिदार सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता का महत्व समझना और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनना प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों में उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ हुआ।

आरंभ पब्लिक स्कूल मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

महासमुंद। आरंभ पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बौदा नामदेव के सुपुत्र नारायण नामदेव ने किया। युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं आरंभ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर होने के नाते मिलिंद चंद्राकर द्वारा विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के सम्मानित सदस्य द्वारा तिरंगा फहराने की इस पहल के माध्यम से बच्चों और समाज को एक अत्यंत सुंदर एवं प्रेरणादायी संदेश देने का प्रयास किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश विधि एवं तकनीकी प्रमुख प्रणय थिटे, त्रिलोक शर्मा, सौरभ चंद्राकर, रजत चंद्राकर, शंकर चंद्राकर उपस्थित थे। यह केवल ध्वजारोहण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों, त्याग और देशभक्ति की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास था। स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष को याद करते हुए उनके परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगे का सम्मान करना बच्चों के मन में देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति, त्याग और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करता है। आज आरंभ पब्लिक स्कूल में फहराया गया यह तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बना।

जिला स्तरीय रोजगार मेला 20 को

महासमुंद। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 20 अगस्त को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मचेवा महासमुंद में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की स्वतंत्र माइक्रोफाइन प्राइवेट लिमिटेड, स्वाभिमान फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, एनआईआईटी लिमिटेड, पुस्कल एग्रोटेक लिमिटेड एवं वेक्टर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड सहित विभिन्न नियोजकों द्वारा 10वीं, 12वीं, बीएससी एग्रीकल्चर एवं स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों के लिए कुल 117 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा अन्य नियोजक भी उपस्थित होने पर रोजगार मेले में सम्मिलित किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक एवं योग्य आवेदकों को निर्धारित स्थल एवं समय पर अपनी शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज की स्वयं की फोटो के साथ उपस्थित होना होगा।

देवरी स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

महासमुंद। शाउमावि देवरी में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। शाला समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर द्वारा झंडा फहराया गया। उपाध्यक्ष चंद्रकला पूरेना, कामता पूरेना, प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, व्याख्यातागण नीलू सोनी, संजय बारसागड़े, आनंद राम व्योहार, भोज राम ध्रुव, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे आदि मौजूद रहे।

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील पिरदा, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

आ.प्र.क्र. 202510123400022
अ/6 अ वर्ष 2025-26
ग्राम- धूपेनडीह /भस्करापाली प.ह.नं. 35

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम धूपेनडीह / भस्करापाली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर का आदेश दिनांक 23/04/2026 के अनुसार पुनरीक्षण कर्ता वासुदेव चौधरी आत्मज स्व. महेशराम चौधरी निवासी ग्राम मोखापटका कास्तकार ग्राम धूपेनडीह एवं भस्करापाली तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा नायब तहसीलदार पिथौरा के रा.मा.क्र. 202510123400022 अ/6 अ, 2024-25 में आदेश दिनांक 28/10/2025 से परिवेदित होकर अनावेदकगण लखनलाल आत्मज स्व. कृष्णचंद निवासी ग्राम धूपेनडीह तहसील पिथौरा एवं अन्य 21 के विरूद्ध विधिवत सूचना तामिली कराये बगैर विधिविपरित एकपक्षीय एवं अवैधानिक आदेश को निरस्त करने ग्राम धूपेनडीह एवं भस्करापाली की कृषि भूमि को दिनाक 28/10/2025 के पूर्व अनुसार रखे जाने निवेदन किये जाने से यह आदेश जारी किया गया है, कि प्रकरण में मामला माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में लंबित होने से किसी तरह का रिकार्ड दुरूस्ती पर उभयपक्षों में विवाद हो सकता है, प्रभावित पक्षकारों को भी सनवाई का समुचित अवसर दिया जाना भी अपेक्षित होता है। सिविल न्यायालय का आदेश राजस्व न्यायालय पर बंधनकारी होने एवं वरिष्ठ न्यायालय के आदेशों के विपरित आदेश नहीं किया जा सकता। मैं पुनरीक्षणकर्ता के पक्ष से सहमत हूं। अतः संहिता की धारा-50 के तहत नायब तहसीलदार पिथौरा का आदेश दिनांक 28/10/2025 निरस्त कर प्रस्तुत पुनरीक्षण आंशिक रूप से स्वीकार किये जाने का आदेश पारित किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम नियत तिथि 17/08/2026 तक पेश कर सकते है। बाद उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।आज दिनांक 03/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलवार
उपतहसील पिरदा

हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यासनारायण शर्मा का निधन

महासमुंद। शहर के कचहरी चौक के पास सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल स्थानीय क्लब पारा निवासी व्यास नारायण शर्मा का राजधानी स्थित अस्पताल में छह दिनों तक उपचार के बाद निधन हो गया। वे भाजपा नेत्री निरंजना शर्मा के पति तथा छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा और शुभांक शर्मा के पिता थे। परिजनों के अनुसार, 10 अगस्त 2026 को शाम करीब 3 से 4 बजे के बीच व्यास नारायण शर्मा घर से खाना खाने के बाद अपनी स्कूटी से दुकान की ओर जा रहे थे। कचहरी चौक के पास सड़क पार करने के लिए वे खड़े थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक बाइक पर सवार तीन लोग तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए आए और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद व्यास नारायण शर्मा सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। शिकायत के मुताबिक बाइक सवार तीनों लोग मौके पर नहीं रुके और वहां से फरार हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायल को उठाकर उनके घर पहुंचाया। तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने निजी अस्पताल महासमुंद से एंबुलेंस बुलाकर उन्हें रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। करीब छह दिनों तक इलाज चलने के बाद उनका निधन हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, व्यास नारायण शर्मा की अंतिम यात्रा महासमुंद के क्लब पारा स्थित निवास से सुबह 9 बजे निकाली जाएगी। उनके निधन से परिवार और परिचितों में गहरा शोक है।

पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

घटना को लेकर उनकी पत्नी निरंजना शर्मा ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर अज्ञात तीन बाइक सवारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि बाइक सवार तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहे थे और दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गए। उन्होंने कचहरी चौक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित कराने तथा फुटेज के आधार पर बाइक सवारों और उनके वाहन की पहचान करने की मांग की थी।

पूर्व मंत्री पूनम चंद्राकर ने दी श्रद्धांजलि

व्यास नारायण शर्मा के निधन पर पूर्व मंत्री पूनम चंद्राकर ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपने संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

बिजनेस साइट

कैंसरग्रस्त जीभ के हिस्से को हटाकर दूसरी जगह के ऊतक से किया गया पुनर्निर्माण

महासमुंद। चिकित्सा के क्षेत्र में सोहम हास्पिटल में जीभ के कैंसर से पीड़ित एक मरीज की जटिल कैंसर सर्जरी एवं उसके बाद जीभ के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। इस तरह की जटिल सर्जरी सुविधाएं रायपुर की बजाय अब महासमुंद में भी उपलब्ध होने लगी हैं। मरीज की जीभ में कैंसर का बड़ा घाव था, जिसके कारण बोलने, निगलने और सामान्य रूप से मुंह की गतिविधियों में परेशानी की स्थिति बन गई थी। कैंसरग्रस्त हिस्से को शल्यक्रिया द्वारा हटाना आवश्यक था। सर्जरी के दौरान कैंसर प्रभावित ऊतक को निकालने के साथ-साथ जीभ के प्रभावित हिस्से का पुनर्निर्माण किया गया। इसके लिए शरीर के दूसरे हिस्से से उपयुक्त ऊतक लेकर जीभ के आकार एवं कार्य को पुनर्स्थापित करने की प्रक्रिया की गई।